**भारत सरकार**
**ग्रामीण विकास मंत्रालय**
**ग्रामीण विकास विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1171**
**(30 जुलाई, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए)**

**डीएवाई-एनआरएलएम के अंतर्गत कवर किए गए परिवार**

**1171. श्रीमती देलकर कलाबेन मोहनभाई:**
**श्री रविंद्र दत्ताराम वाइकरः**

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम) के अंतर्गत गत दो वर्षों के दौरान राज्य-वार तथा जिला-वार , विशेषकर दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव और महाराष्ट्र में कवर किए गए परिवारों की कुल संख्या कितनी है;

(ख) क्या आज भी देश के ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे कई परिवार हैं जो उक्त मिशन का लाभ नहीं उठा रहे है;

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण है;

(घ) उक्त मिशन के अंतर्गत वंचित परिवारों को लाभ पहुंचाने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किए जा रहे हैं, योजनाएं बनाई जा रही है; और

(ङ) इस संबंध में सरकार द्वारा अब तक की गई कार्रवाई का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(डॉ. चन्द्रशेखर पेम्मासानी)**

**(क):** दादरा और नगर हवेली तथा दमन एवं दीव और महाराष्ट्र सहित पिछले दो वर्षों के दौरान दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम) के अंतर्गत स्व-सहायता समूहों (एसएचजी) में संगठित किए गए ग्रामीण परिवारों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है। जिलावार ब्यौरा डीएवाई-एनआरएलएम की निगरानी सूचना प्रणाली (एमआईएस) वेबसाइट https://lokos.in/#/dashboard पर देखा जा सकता है।

**(ख), (ग), (घ) और (ड.):** ग्रामीण परिवारों से महिलाओं को एसएचजी में संगठित करना , एक सतत प्रक्रिया है और यह समुदाय की आवश्यकताओं पर आधारित है। डीएवाई-एनआरएलएम मिशन ने 30 जून 2024 तक ग्रामीण परिवारों की लगभग 10.05 करोड़ महिलाओं को 90.86 लाख स्व-सहायता समूहों में संगठित किया है।

इसके अलावा, वंचित ग्रामीण परिवारों को संगठित करने और उनके बीच जागरूकता पैदा करने की दृष्टि से अभियान आयोजित किए गए हैं। तदनुसार , दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम) के तहत छूटे पात्र ग्रामीण गरीब परिवारों की महिलाओं को स्व-सहायता समूहों (एसएचजी) में शामिल करने के लिए , तथा सामाजिक संगठन निर्माण की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए , दिनांक 07 सितंबर से 30 सितंबर, 2022 तक एक सामाजिक संगठन निर्माण अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान के दौरान 16,25,286 ग्रामीण परिवारों को 1,29,493 एसएचजी में संगठित किया गया था। इस सामाजिक संगठन निर्माण अभियान की उपलब्धि का राज्यवार ब्यौरा **अनुबंध-II** में दिया गया है।

इसके अलावा, वर्ष 2023 में, दिनांक 18 अप्रैल 2023 से 15 अगस्त 2023 तक "संगठन से समृद्धि अभियान" कार्यान्वित किया गया। संगठन निर्माण अभियान की इस अवधि के दौरान, कुल 53,78,764 परिवारों को 3,94,490 स्व-सहायता समूहों में संगठित किया गया था। इस सामाजिक संगठन निर्माण अभियान की उपलब्धि का राज्यवार ब्यौरा , **अनुबंध-III** में दिया गया है।

**अनुबंध-I**

**लोक सभा में दिनांक 30.07.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 1171 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | प्रोत्साहन दिए गए एसएचजी | | संगठित किए गए परिवार | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2022-23 | 2023-24 | 2022-23 | 2023-24 |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 33,122 | 2478 | 6,27,124 | 1,45,926 |
| 2 | असम | 26,902 | 25,673 | 3,94,281 | 3,59,590 |
| 3 | बिहार | 51,785 | 42,244 | 5,88,507 | 5,13,317 |
| 4 | छत्तीसगढ़ | 48,583 | 18,572 | 5,21,600 | 3,00,282 |
| 5 | गुजरात | 11,494 | 9797 | 60,834 | 1,08,796 |
| 6 | झारखंड | 10,128 | 20,485 | 1,16,595 | 4,05,281 |
| 7 | कर्नाटक | 36,903 | 1,04,258 | 3,19,306 | 11,82,372 |
| 8 | केरल | 4131 | 17,260 | 26,496 | 4,84,723 |
| 9 | मध्य प्रदेश | 72,487 | 51,200 | 10,59,588 | 6,67,985 |
| 10 | महाराष्ट्र | 43,113 | 44,070 | 3,18,408 | 5,79,102 |
| 11 | ओडिशा | 29,611 | 19,396 | 2,04,003 | 3,09,396 |
| 12 | राजस्थान | 50,535 | 61,857 | 4,95,142 | 9,43,431 |
| 13 | तमिलनाडु | 27,821 | 18,459 | 1,95,938 | 4,05,583 |
| 14 | तेलंगाना | 21,193 | 3412 | 2,84,731 | 1,34,268 |
| 15 | उत्तर प्रदेश | 1,25,652 | 1,26,857 | 12,04,807 | 20,74,302 |
| 16 | पश्चिम बंगाल | 1,20,092 | 1,24,304 | 10,35,392 | 12,72,630 |
| 17 | हरियाणा | 6790 | 2936 | 54,891 | 40,851 |
| 18 | हिमाचल प्रदेश | 7911 | 3337 | 62,156 | 43,175 |
| 19 | जम्मू और कश्मीर | 20,586 | 11,324 | 1,38,103 | 1,61,419 |
| 20 | पंजाब | 8368 | 12,525 | 79,494 | 1,45,837 |
| 21 | उत्तराखंड | 17,581 | 11,816 | 1,19,066 | 94,769 |
| 22 | अरुणाचल प्रदेश | 3731 | 2067 | 25,838 | 22,898 |
| 23 | मणिपुर | 4082 | 1681 | 40,626 | 19,915 |
| 24 | मेघालय | 4686 | 1441 | 38,986 | 20,255 |
| 25 | मिजोरम | 1688 | 940 | 7857 | 12,181 |
| 26 | नागालैंड | 1441 | 1478 | 9000 | 15,759 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 27 | सिक्किम | 321 | 339 | 2026 | 5231 |
| 28 | त्रिपुरा | 12,198 | 5830 | 1,05,990 | 81,220 |
| 29 | अण्डमान और निकोबार | 141 | 114 | 1253 | 1622 |
| 30 | गोवा | 279 | 142 | 3578 | 3396 |
| 31 | लद्दाख | 105 | 1053 | 707 | 7840 |
| 32 | लक्षद्वीप | 17 | 20 | 171 | 622 |
| 33 | पुदुचेरी | 783 | 447 | 8069 | 5614 |
| 34 | दमन और दीव एवं दादरा और नागर हवेली | 212 | 316 | 1923 | 3185 |
| | **कुल:** | **8,04,472** | **7,48,128** | **81,52,486** | **1,05,72,773** |

–

**अनुबंध-II**

**लोक सभा में दिनांक 30.07.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 1171 के भाग (ख) से (ड.) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

दिनांक 07 सितम्बर से 30 सितम्बर, 2022 तक आयोजित सामाजिक संगठन निर्माण अभियान की उपलब्धि का राज्यवार ब्यौरा

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | सामाजिक संगठन अभियान के दौरान शामिल किए गए परिवारों की संख्या | सामाजिक संगठन निर्माण अभियान के दौरान गठित एसएचजी की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | 40,301 | 3943 |
| 2. | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 708 | 38 |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | 195 | 89 |
| 4. | असम | 243,06 | 1368 |
| 5. | बिहार | 67,471 | 4082 |
| 6. | छत्तीसगढ़ | 1,25,690 | 8056 |
| 7. | गोवा | 1756 | 48 |
| 8. | गुजरात | 9990 | 999 |
| 9. | हरियाणा | 19,866 | 1812 |
| 10. | हिमाचल प्रदेश | 3250 | 415 |
| 11. | जम्मू और कश्मीर | 4356 | 1206 |
| 12. | झारखंड | 1,31,082 | 4547 |
| 13. | कर्नाटक | 24,881 | 1951 |
| 14. | केरल | 17,680 | 1360 |
| 15. | मध्य प्रदेश | 2,25,241 | 18,221 |
| 16. | महाराष्ट्र | 70,150 | 6681 |
| 17. | मणिपुर | 23,367 | 1098 |
| 18. | मेघालय | 2677 | 424 |
| 19. | मिजोरम | 6233 | 820 |
| 20. | नागालैंड | 35,973 | 2865 |
| 21. | ओडिशा | 1,96,219 | 13,902 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 22. | पुदुचेरी | 3189 | 261 |
| 23. | पंजाब | 10,140 | 1040 |
| 24. | राजस्थान | 1,19,826 | 9178 |
| 25. | सिक्किम | 252 | 5 |
| 26. | तमिलनाडु* | 19,877 | 0 |
| 27. | तेलंगाना | 31,217 | 495 |
| 28. | त्रिपुरा | 14,590 | 4474 |
| 30. | उत्तराखंड | 10657 | 1776 |
| 31. | पश्चिम बंगाल | 3,84,146 | 38,339 |
| | **कुल** | **16,25,286** | **1,29,493** |

*संगठित किए गए परिवार मौजूदा स्व-सहायता समूहों में शामिल हो गए

_

**अनुबंध-III**

**लोक सभा में दिनांक 30.07.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 1171 के भाग (ख) से (ड.) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

दिनांक 18 अप्रैल से 15 अगस्त, 2023 तक आयोजित सामाजिक संगठन निर्माण अभियान की उपलब्धि का राज्यवार ब्यौरा

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | सामाजिक संगठन निर्माण अभियान के दौरान संगठित किए गए परिवारों की संख्या | सामाजिक संगठन निर्माण अभियान के दौरान गठित एसएचजी की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 46,279 | 610 |
| 2 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 859 | 51 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 5706 | 263 |
| 4 | असम | 1,77,045 | 13,871 |
| 5 | बिहार | 4,89,381 | 42,083 |
| 6 | छत्तीसगढ़ | 1,12,622 | 8443 |
| 7 | दमन और दीव एवं दादरा और नगर हवेली | 916 | 88 |
| 8 | गोवा | 1721 | 58 |
| 9 | गुजरात | 39,684 | 3789 |
| 10 | हरियाणा | 11,228 | 754 |
| 11 | हिमाचल प्रदेश | 15,182 | 1291 |
| 12 | जम्मू एवं कश्मीर | 51,888 | 3243 |
| 13 | झारखंड | 3,32,822 | 17,479 |
| 14 | कर्नाटक | 9,25,113 | 84,749 |
| 15 | केरल | 4,69,320 | 16,495 |
| 16 | लद्दाख | 2013 | 261 |
| 17 | लक्षद्वीप | 101 | 2 |
| 18 | मध्य प्रदेश | 2,47,441 | 20,445 |
| 19 | महाराष्ट्र | 2,26,145 | 14,351 |
| 20 | मणिपुर | 709 | 62 |
| 21 | मेघालय | 10,012 | 676 |
| 22 | मिजोरम | 7971 | 656 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 23 | नागालैंड | 4911 | 664 |
| 24 | ओडिशा | 68,442 | 3517 |
| 25 | पुदुचेरी | 2259 | 185 |
| 26 | पंजाब | 41,222 | 2997 |
| 27 | राजस्थान | 7,52,344 | 56,403 |
| 28 | सिक्किम | 3779 | 235 |
| 29 | तमिलनाडु | 2,27,269 | 10,883 |
| 30 | तेलंगाना | 66,985 | 1362 |
| 31 | त्रिपुरा | 65,605 | 4932 |
| 32 | उत्तर प्रदेश | 542,433 | 39,415 |
| 33 | उत्तराखंड | 46,792 | 5983 |
| 34 | पश्चिम बंगाल | 3,82,565 | 38,194 |
| | **कुल** | **53,78,764** | **3,94,490** |

****